दिन–सोमवार दिनांक– 10 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर विश्व नेताओं द्वारा मिली बधाई संदेशों के लिए सभी को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा दोनों देशों के लोगों के बीच मानवाधिकारों, विविधता और कानून के शासन पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। श्री मोदी ने कहा कि भारत आपसी समझ और एक–दूसरे की चिंताओं के सम्मान के आधार पर कनाडा के साथ काम करने को उत्सुक है।

फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने कहा कि वह अपने संबंधों को जारी रखने और लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे दोनों देशों के संबंधों में गति लाने और साझेदारी को बढाने के लिए फिनलैंड के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

स्लोवेनिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट गोलोब ने कहा कि वे दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। श्री मोदी ने कहा कि वे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी को आगे जारी रखेंगे।

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने कहा कि श्री मोदी ने स्वास्थ्य, कृषि, महिला नेतृत्व वाले विकास और डिजिटल परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रगति के लिए नवाचार के स्रोत के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है।

————————————————————————

श्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद भार संभालते ही किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की है। ये किस्त नौ करोड़ तीस लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता

है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने सात राज्यों की तेरह विधानसभा सीटों पर होने वाले उप—चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इनमें से चार विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल में, तीन हिमाचल प्रदेश में, दो उत्तराखंड में और एक—एक बिहार, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और पंजाब में हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान अगले महीने की दस तारीख को होगा और मतगणना तेहर जुलाई को होगी। बिहार में पूर्णियां जिले की रूपौली विधानसभा सीट पर चुनाव होगा। यह सीट जदयू की विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई है।

———————————————————————————

आईआईटी में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा— जेईई—एडवांस का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इधर, पटना के अनिकेत गुवाहाटी जोन में दूसरे स्थान पर रहे हैं, जबकि मुजफ्फरपुर के प्रथम कुमार ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में बिहार से तेरह हजार पांच सौ अट्ठासी अभ्यर्थियों में से आठ सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली ज्वाइंट सीट एलोकेशन सिस्टम— जोसा काउंसलिंग आज से शुरू हो रही है। काउंसलिंग अठारह जून तक जारी रहेगी।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। पछुआ हवा के प्रभाव से लोगों को सुबह से ही उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। इस अवधि में छियालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस

रिकॉर्ड किया गया। इस सीजन में पटना का यह अधिकतम तापमान है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, नालंदा और शेखपुरा सहित कई जिलों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राजधानी पटना, गया और नालंदा जिलों के कुछ स्थानों पर रात में भी मौसम के गर्म रहने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार अगले पाँच दिनों तक राज्य के मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इधर, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर आज सुबह हल्की बूंदा–बांदी हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि अररिया, पूर्णिया और किशनगंज जिले में हल्की बूंदा–बांदी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

———————————————————————————

गर्मी के अवकाश के बाद स्कूल खुलने पर शेखपुरा के विद्यालयों में प्रचंड गर्मी की प्रभाव से लगभग पच्चीस छात्र एवं छात्राओं के चक्कर आकर बेहोश हो गए है।

———————————————————————————

सुपौल एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर सैंतालीस किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

समाप्त